**Accidents in Industrial Units**

4181. SHRI R. S. PANDEY: Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the reported heavy increase in the number of accidents in industrial units,

(b) if so, whether any attempt has been made to find out the causes for this increase in order to devise some remedial measures, and

(c) whether Government propose to make some improvements or amendments in the Industrial Safety Regulations so as to provide adequate compensation to the victims of accidents?

THE MINISTER OF LABOUR AND REHABILITATION (SHRI R. K. KHADILKAR): (a) Yes.

(b) Yes. The causes for the increase in the number of accidents *inter-alia* include rise in the tempo of industrialisation with the resultant more complex machines and processes, better reporting of accidents, lack of adequate safety measures and lack of proper supervision as also ignorance on the part of the workers to some of the hazards involved.

Training of line management and operating staff for providing safe conditions of work and following safe procedures, appointment of safety officer in some of the large and hazardous factories, better supervision of work are some of the remedial measures which are being pursued through the Directorate General Factory Advice Service & Labour Institutes, National Safety Council and other similar bodies and also by the Chief Inspectors of factories at the State levels.

(c) Suggestions that compensation for industrial injuries under the Workmen's Compensation Act should be increased, are being considered.

**भिलाई इस्पात कारखाने के विस्तार के लिये वित्तीय सहायता**

4182. डा० संकटा प्रसाद : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या भिलाई स्पात कारखाने के विस्तार के लिये सरकार ने कोई वित्तीय सहायता दी है, और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी मुख्य बातें क्या है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाहनवाज खां) : (क) जी हां।

(ख) भिलाई इस्पात कारखाने का 40 लाख टन इस्पात पिण्ड की वार्षिक क्षमता तक विस्तार करने का प्रस्ताव है। विस्तार के लिये विस्तृत प्रायोजना प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है।

विस्तार की सारी लागत सरकार पूरी करेगी जो हिन्दुस्तान स्टील लि० को 1:1 के अनुपात में इक्विटी और ऋण के रूप में दी जायेगी।

1972-73 में 4.5 करोड़ रुपये के खर्च का प्रस्ताव है।

**मैसर्ज अमाई माजरी कोल कम्पनी लिमिटेड परासिया जिला छिन्दवाड़ा (मध्य प्रदेश) को लाईसेंस जारी करना**

4183. श्री आर० बी० बड़े : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने मैसर्ज अमाई माजरी कोल कम्पनी लिमिटेड, परासिया जिला छिन्दवाड़ा को अनुज्ञापत्र